बजट 2024: हर पीढ़ी के लिए निष्पक्षता

16 अप्रैल 2024 ओटावा, ओंटारियो वित्त विभाग कनाडा

आज उप प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री, माननीया क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने बजट 2024: हर पीढ़ी के लिए निष्पक्षता को जारी किया।

यह एक ऐसे कनाडा की निर्माण योजना है, जो हर पीढ़ी के लिए बेहतर तरीके से काम करती है, जहां युवा पीढ़ियाँ आगे बढ़ सकती हैं, जहां उनकी कड़ी मेहनत का फल मिलता है, और जहां वे अपना घर खरीद सकते हैं या किराए पर ले सकते हैं - जहां हर किसी को मध्यम वर्ग के एक अच्छे जीवन का निष्पक्ष अवसर मिलता है।

सबसे पहले, बजट 2024 में अधिक आवास निर्मित करने के लिए साहसिक कदम उठाया गया है। आवासों की कीमतों और किराए को और भी अधिक किफायती बनाने का सबसे अच्छा तरीका आपूर्ति बढ़ाना है - और जल्दी से। बजट 2024 में 2031 तक 3.87 मिलियन नए घरों को उपलब्ध कराने की कार्यनीति निर्धारित की गई है। प्रमुख विशेषताओं में *आवास हेतु सरकारी भूमि योजना (Public Lands for Homes Plan)* और एक नया कनाडा किराया संरक्षण निधि (Canada Rental Protection Fund) का आरंभ, कनाडाई मोर्टगेज चार्टर (Canadian Mortgage Charter) का बेहतरीकरण, और एक नए कनाडाई किराएदारों के अधिकार विधेयक (Canadian Renters’ Bill of Rights) का सृजन शामिल है।

दूसरा, बजट 2024 जीवन जीने की लागत कम करने में सहायता करेगा। कनाडा के सामाजिक सुरक्षा नेट के लिए सरकार के परिवर्तनकारी विस्तार पर आगे निर्माण करते हुए —10-प्रतिदिन के चाइल्डकेयर शुल्क से लेकर बीमारहित कनाडावासियों के लिए डेंटल केयर और राष्ट्रीय सार्वभौमिक फार्माकियर के पहले चरण तक — बजट 2024 कनाडावासियों के लिए दिन-प्रतिदिन की लागतों को कम करने के सरकार के काम को आगे बढ़ाता है। इसमें किराने के सामान के शुल्कों को स्थिर बनाने में सहायता, कीमतों को उचित बनाने के लिए जंक फीस पर नकेल कसना और बैंकिंग शुल्कों का न्यूनन शामिल है। बजट 2024 नए परिवर्तनकारी निवेश करता है, जिसमें नए राष्ट्रीय स्कूल भोजन कार्यक्रम (National School Food Program) और नए कनाडा विकलांगता लाभ (Canada Disability Benefit) का आरंभ भी शामिल है।

तीसरा, बजट 2024 अर्थव्यवस्था को इस तरह से विकसित करेगा, जिसे सभी साझा करेंगे। यह एक ऐसी योजना है जो निवेश को आकर्षित और संवृद्ध करेगी, उत्पादकता बढ़ाएगी, और अच्छे वेतन तथा अर्थपूर्ण नौकरियों के सृजन तथा कनाडा को आर्थिक मोर्चे पर रखने वाले परिवर्तनकारी नवाचार को प्रोत्साहित करेगी। यह हमारे और भी अधिक सर्वश्रेष्ठ उद्यमियों व नवप्रवर्तकों को कनाडा में अपने विचारों को कारगर बनाने में सशक्त करने के लिए नया समर्थन उपलब्ध कराएगा। इसमें प्रमुख आर्थिक निवेश कर क्रेडिट्स के विस्तारण और वितरण के माध्यम से शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश को आकर्षित करना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में कनाडा के लाभ को संरक्षित करना, और उन्नत अनुसंधान अनुदानों में निवेश करना शामिल है, जिससे युवा पीढ़ियों को अच्छी नौकरि**याँ** और नए अवसर मिलेंगे। और इसका अर्थ है कि इस विकास में स्वदेशी लोगों की हिस्सेदारी ऐसे सुनिश्चित की जाएगी, जो उनके लिए कारगर होगी।

बजट 2024 सर्वाधिक धनी लोगों को अपने समुचित अंश का भुगतान करने के लिए उद्वेलित करके कनाडा की कर प्रणाली को और भी अधिक निष्पक्ष बनाएगा - ताकि हम हर पीढ़ी की समृद्धि में निवेश कर सकें, और क्योंकि हमारे आर्थिक सहारे को अनदेखा करके अगली पीढ़ियों पर अधिक ऋण पारित करना दायित्वहीन और अनुचित होगा। बजट 2024 एक जिम्मेदारीपूर्ण आर्थिक योजना है, जो *2023 Fall Economic Statement* में उल्लिखित आर्थिक लक्ष्यों को बनाए रखती है और ▯7 में कनाडा के लिए निम्नतम घाटा- व शुद्ध ऋण-से-जीडीपी अनुपात बनाए रखती है।

उद्धरण

"हमारी सरकार मध्यम वर्ग को मजबूत और विस्तारित करने के संकल्प के साथ सबसे पहले सत्ता में आई थी। हमने विशेष रूप से बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्धनता घटा करके और कनाडावासियों के लिए लाखों अच्छी नौकरियाँ पैदा करके उस प्रतिज्ञा को पूरा किया। हमारा काम पूरा नहीं हुआ है। बजट 2024 लाखों युवा कनाडावासियों के लिए मध्यम वर्ग के द्वार खोलने पर हमारे फोकस को नवीकृत करता है। हम और अधिक आवास निर्मित करेंगे तथा जीवन जीने की लागत कम करने में सहायता करेंगे। हम अपनी अर्थव्यवस्था को विकास की ओर ले जाएंगे, जिससे सभी लोग ऊपर उठ पाएंगे। यही हर पीढ़ी के लिए निष्पक्षता है।"

- *माननीया क्रिस्टिया फ्रीलैंड, उप प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री*

संबंधित उत्पाद

- बजट 2024: हर पीढ़ी के लिए निष्पक्षता
- बजट 2024: उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री द्वारा संबोधन
- बजट 2024: प्रमुख उपाय (गैर-आधिकारिक भाषाओं में उपलब्ध)
- पृष्ठभूमिकर्ता: अधिक किफायती घर
- पृष्ठभूमिकर्ता: सशक्त सामाजिक सुरक्षा नेट
- पृष्ठभूमिकर्ता: युवा पीढ़ियों के लिए निष्पक्षता
- पृष्ठभूमिकर्ता: आर्थिक विकास एवं उत्पादकता
- पृष्ठभूमिकर्ता: छोटे व्यवसायों की संवृद्धि
- पृष्ठभूमिकर्ता: अधिक सुरक्षित, स्वस्थ समुदाय
- पृष्ठभूमिकर्ता: स्वदेशी लोगों के लिए एक निष्पक्ष भविष्य
- पृष्ठभूमिकर्ता: हर पीढ़ी के लिए कर निष्पक्षता
- बजट 2024: कनाडा का उपभोक्ता-प्रेरित बैंकिंग ढांचा

संपर्क

मीडिया इनसे संपर्क कर सकता है:

कैथरीन कपलिंस्कास
प्रेस सचिव एवं वरिष्ठ संचार सलाहकार
उप प्रधान मंत्री एवं वित्त मंत्री कार्यालय
Katherine.Cuplinskas@fin.gc.ca

मीडिया संबंध
वित्त विभाग कनाडा
mediarelations@fin.gc.ca
613-369-4000

सामान्य पूछताछ

फोन: 1-833-712-2292
टीटीई: 613-369-3230
ई-मेल: financepublic-financepublique@fin.gc.ca